बरेली, बुधवार
8 अक्टूबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 22+4=26


दैनिक जागरण

**PAGE NO : IV TOP**

# दक्ष चंदेल का अंडर-19 यूपी टीम में चयन

जासं, बरेली : उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से घोषित अंडर-19 क्रिकेट टीम में बरेली के युवा क्रिकेटर दक्ष चंदेल का चयन हुआ है। दक्ष अब उत्तर प्रदेश की टीम के साथ रांची रवाना हो गए हैं, जहां वह नौ अक्टूबर से होने वाले आगामी मैचों में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के अनुसार, जिले से पहली बार किसी खिलाड़ी का अंडर-19 टीम में चयन हुआ है, जिससे जिले के खेल प्रेमियों और क्रिकेट संघ में उत्साह का माहौल है। इससे पहले दक्ष का चयन यूपी टीम के कैंप के लिए किया गया था, जहां बेहतरीन प्रदर्शन के चलते उन्हें टीम में



दक्ष चंदेल ● स्रोत-बीसीए

शामिल किया गया है। बीसीए के वरिष्ठ संयुक्त सचिव ओपी कोहली ने बताया कि दक्ष चंदेल दोहरा रोड स्थित रुद्राक्ष कांप्लेक्स निवासी हैं। दक्ष के पिता अमित चंदेल डायट फरीदपुर में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं, वहीं मां नीरजा गृहणी हैं। 17 वर्षीय दक्ष चंदेल स्पिन गेंदबाज हैं। विद्या वर्ल्ड स्कूल से पढ़ाई के बाद वह क्रिकेट के लिए तैयारी कर रहे हैं।

यूपी टीम में चयन के बाद परिजनों को लोग बधाई दे रहे हैं। दक्ष के चयन पर बीसीए सचिव सीताराम सक्सेना ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले के उभरते क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा बनेगी। इस मौके पर बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति, अध्यक्ष सरफराज वली खान, उपाध्यक्ष राजेंद्र मनोहर शर्मा, संयुक्त सचिव राहुल कपूर, कोषाध्यक्ष शहजाद अली, आदर्श तिवारी, रोहित चौहान आदि ने बधाई दी है।